निविदा सूचना संख्या 04/2021–22

इस खण्ड कार्यालय के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, विद्युत परीक्षण एवं परिचालन, उ0प्र0पा0ट्रॉ0का0लि0 400 के0वी0 उपकेन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ के प्रयोगार्थ एक नग डीजल चलित हल्का वाहन चालक सहित 09 माह के लिए किराये पर रखने हेतु मुहरबंद निविदायें निर्धारित निविदा प्रपत्र पर दो भागों में अनुभवी एजेन्सी/फर्मों द्वारा आमन्त्रित की जाती है। भाग एक में धरोहर धनराशि रूपयें 2000/–(दो हजार) जो इस कार्यालय के चालू खाता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, खाता संख्या–3020056628 (IFSC-CBIN0283745) में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से सीधे खाते में जमा किया जा सकता है। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 की पावती ही स्वीकार की जायेगी। निविदा भाग दो में दर एवं अन्य शर्ते होनी चाहिए। निविदा दिनांक 07.03.2022 को 12:00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी एवं उसी दिन 13:00 बजे निविदा दाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 05.03.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में रू0 560/– रूपये (कर सहित) उपरोक्त बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 द्वारा सीधे जमा करने के उपरान्त रसीद संलग्न कर प्राप्त किये जा सकते है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिशासी अभियन्ता